पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर
वेबसाइट: www.shekhauni.ac.in ई-मेल: reg.shekhauni@gmail.com दूरभाष नं.: 01572-232411

क्रमांक : शोध/2023/2313 दिनांक: 30-12-2023

कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 24/12/2023 (रविवार) को शोध पात्रता परीक्षा (RET-2023) सम्पन्न करवाई गई थी। शोध पात्रता परीक्षा (RET-2023) का परिणाम जारी करने के लिए उत्तर कुंजी (Answer Key) तथा सभी विषयों के प्रश्न बुकलेट विश्वविद्यालय की वेब साईट www.shekhauni.ac.in पर Research Option में डाले जा रहे हैं। यदि किसी परीक्षार्थी को उत्तर कुंजी (Answer Key) में किसी प्रश्न के उत्तर पर आपत्ति है, तो वह स्वयं दिनांक 30/12/2023 से 04/01/2024 सांय 05.00 बजे तक ई मेल आई.डी. research.shekhauni@gmail.com पर दर्ज करवा सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा जो भी आपत्ति दर्ज करवाई जा रही है, उसका संदर्भ मानक/प्रमाणिक पुस्तक से दिया जाना होगा तथा आपत्ति के साथ उस संदर्भ/पुस्तक के दस्तावेज संलग्न करने हैं। दिनांक 04/01/2024 सांय 05.00 बजे के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी द्वारा दर्ज आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। यदि कोई आपत्ति नहीं आती है, तो विश्वविद्यालय द्वारा जारी उत्तर कुंजी (Answer Key) को सही माना जाएगा एवं उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन मान्य नहीं होगा।

कुलसचिव

क्रमांक : शोध/2023/2314 दिनांक : 30-12-2023

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. कुलपति सचिवालय।
2. रक्षित पत्रावली।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner